हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live

वर्ष : 01 अंक–246 : जौनपुर, मंगलवार 06 जून 2023 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## योगी सरकार ने 2023–24 में सत्र के लिए नई तबादला नीति को दिया मंजूरी

लखनऊ ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में तबादला सत्र 2023–24 के लिए नई तबादला नीति को मंजूरी दे दी गई है। इसके तहत विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों के तबादले 30 जून तक किए जा सकेंगे। बैठक में बनाई जाने वाली सड़कों के किनारे जमीन के नीचे पेयजल और सीवर की पाइपलाइन बिछाने, टेलीफोन के तार, ऑप्टिकल फाइबर केबल डालने के लिए अब डक्ट का प्रावधान करना जरूरी होगा। राज्य सरकार इसके लिए डक्ट नीति को मंजूरी दे दी है। बैठक में कुछ निजी विश्वविद्यालयों की स्थापना के लिए लेटर ऑफ इंटेंट जारी करने के प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है।इसके अलावा कैबिनेट बैठक में पर्यटन, परिवहन, गृह, प्राविधिक शिक्षा आदि विभागों के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है। बैठक इन प्रस्तावों को मिली स्वीकृतिः अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की सेवानिवृत्ति आयु के पूर्व असामयिक मृत्यु की दशा में उनके परिजनों को ग्रेच्युटी के भुगतान के संबध में प्रस्ताव पर सहमति दी गई है। उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई




एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति – 2018 एवं उत्तर प्रदेश रक्षा तथा एयरोस्पेस इकाई एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति – 2019 में संशोधन के संबंध में सहमति दी गई है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार खरीफ 2023 से रबी 2025–26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को प्रदेश में लागू किए जाने के संबंध में सहमति दी गई है। भारत सरकार के दिशा–निर्देशों के अनुसार खरीफ 2023 से रबी 2025–26 तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना को प्रदेश में लागू किए जाने के संबंध में सहमति दी गई है।

## डीएम नें नदी किनारे बन रहे मंदिरों के नवीनीकरण का किया निरीक्षण

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी अनुज कुमार झा द्वारा शाहीपुल के पास स्थित प्रसिद्ध हनुमान जी मंदिर, राम जानकी मंदिर, काली जी मंदिर, दुर्गा जी मंदिर एवं शिव जी मंदिर का पर्यटन विकास कार्यक्रम के तहत चल रहे नवीनीकरण के कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया गया। उक्त कार्य में घाट एवं सीढ़ियों, साइड पीचिंग, छतरी, हाईमास्ट, टॉयलेट, चेंजिंग रूम, डस्टबिन, सोलर हाईमास्ट लाइट के निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा कार्यदायी संस्था यूपी प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड निर्माण इकाई तृतीय से कार्य की लागत, कार्य प्रारंभ होने की तिथि की जानकारी प्राप्त की और निर्देशित किया कि समयबद्ध और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए तय समय सीमा में कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि वर्षा होने के पूर्व मजदूरों की संख्या में यथोचित वृद्धि करते हुए कार्य को शासन की मंशा के अनुरूप जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। नमामि गंगे मिशन के तहत कार्य के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी महोदय द्वारा घरों एवं कारखानों



का गंदा पानी नदी में गिराए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए नमामि गंगे के प्रोजेक्ट मैनेजर को निर्देशित किया की नाले की टैपिंग शीघ्र करा ले जिससे गंदा पानी गोमती नदी के जल को प्रदूषित न करे। अधिशासी अभियंता नगर पालिका जौनपुर को निर्देशित किया कि संबंधितों को चेतावनी देते हुए नदी में गंदे पानी को न गिराने का निर्देश दें।

## प्राईवेट स्कूलों के राष्ट्रीय अधिवेशन में डा. फरजाना शकील अली नेशनल स्कूल लीडरशिप अवार्ड 2023 से सम्मानित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय बाराबंकी। प्राईवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के तीन दिवसीय दसवें राष्ट्रीय अधिवेशन में कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर बाराबंकी की प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली ने उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। अधिवेशन में देशभर से सभी प्रदेशों से तीन सौ से अधिक शिक्षाविद सम्मिलित हुए। प्राईवेट स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन के। राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ मुख्य अतिथि झारखंड के वाणिज्य मंत्री रामेश्वर उरांव,भारत सरकार के पुलिस विभाग के ज्वाइंट सेक्रेटरी अनंत किशोर सरन , पसावा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सय्यद श्यामल अहमद, बिहार सरकार के एडिशनल कमिश्नर इनकम टैक्स अजय कुमार सिंह , राष्ट्रीय सलाहकार एवं उत्तर प्रदेश अध्यक्ष डॉ फरजाना शकील अली ने दीप प्रज्वलित कर के किया।डा फरजाना ने सभी शिक्षाविदों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और फाउनडेशनल स्टेज के राष्ट्रीय करिकुलम फ्रेमवर्क 2022 की विस्तृत जानकारी दी ।जी 20 प्रेसिडेंसी में स्कूलों की भागीदारी पर भी विचार विमर्श किया गया।अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एड्यूकएशन के पंचकोश पाठ्यक्रम और विभिन्न पेडागोजी और लर्निंग आउटकम्स पर गहन विचार विमर्श और मंथन हुआ। कार्यक्रम में प्राईवेट स्कूलों की समस्याओं को भी साझा किया गया। अधिवेशन में आयोजित सम्मान समारोह में कृति पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या डा फरजाना शकील अली को शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए कैबिनेट मंत्री रामेश्वर उरांव जी और राष्ट्रीय अध्यक्ष




श्यामल अहमद के कर कमलों द्वारा राष्ट्रीय आईकानिक एडवाइजर अवार्ड 2023 से सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उनके अनुभव और प्रशंसनीय कार्यों के लिए भारत सरकार के ज्वाइंट सेक्रेटरी पुलिस आनंद किशोर सरन ने उन्हें राष्ट्रीय स्कूल लीडरशिप अवार्ड 2023 से भी सम्मानित किया।डा फरजाना द्वारा तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय अधिवेशन का समस्त संचालन कुशलतापूर्वक करने के लिए सभी ने उनकी प्रशंसा की एवं साधुवाद किया। प्रबंधक हिमांशु सिंह ने इस अवसर पर प्रधानाचार्या को बधाई दी और विद्यालय के लिए मंगल कामना की।

## न्याय के लिए जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक से मिला शिक्षक प्रतिनिधिमंडल : शिक्षकों की बाउंड्री ढहाने वाले भू माफिया के खिलाफ कार्यवाही की मांग

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल प्रांतीय अध्यक्ष माध्यमिक शिक्षक संघ रमेश सिंह प्रधानाचार्य परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ बीरेंद्र सिंह एंव प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अमित सिंह के नेतृत्व में जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिक्षकों को न्याय दिलाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से कहा कि एक शिक्षक अपने पेट को काटकर 35 लाख रुपये बैंक से लोन लेकर किसी तरह जमीन खरीदा और विगत दो वर्ष से बैंक में म्ड्प् जमा कर रहा है। लेकिन कुछ भू माफिया व अराजकतत्वों द्वारा रविवार की शाम को रात्रि के अंधेरे में जेसीबी मशीन से बाउंड्री को गिरा दिया गया। शिक्षकों ने घटनास्थल पर पहुंचकर पुलिस प्रशासन को सूचित किया जिसके क्रम में थानाध्यक्ष लाईन बाजार दिग्विजयसिंह एंव क्षेत्राधिकारी सदर मौके पर पहुंचकर घटना की स्थलीय निरीक्षण किया और आश्वस्त किया कि जिसने भी कानून को हाँथ में लेते हुए गैरकानूनी तरीके से शिक्षकों की चहारदीवारी को रात्रि के अंधेरे में ढहाया है उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि दो दिन बीत गए लेकिन अभी तक हमारी प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की गई और ना ही इस संदर्भ में कोई ठोस कार्यवाही की गयी है। साथ ही प्रतिनिधिमंडल द्वारा मांग की गयी कि यथाशीघ्र प्रशासन की उपस्थिति में अराजकतत्वों द्वारा शिक्षकों की ढहायी



गयी बाउंडरी बनाई जाए क्योंकि पीड़ित शिक्षक परिवार बेहद ही मानसिक पीड़ा की दौर से गुजर रहा है। जिलाधिकारी एंव पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया गया कि किसी भी तरह से शिक्षक परिवार के साथ अन्याय नहीं होगा और जल्द ही जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। विदित हो कि प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह व जिला संगठन मंत्री अश्विनी कुमार सिंह, रीना राय ने रामरायपट्टी(लाला के अहाता) शिवापर जौनपुर के गाटा संख्या 149 में क्रमशः जमीन खरीदा है। सभी ने अपनी बाउंड्री बना रखी है लेकिन रविवार की रात के अंधेरे में कुछ अराजकतत्त्वों द्वारा शिक्षकों की बाउंड्री को ढहा दिया। जिसको लेकर शिक्षकों में बेहद ही आक्रोश है।इस अवसर पर धीरेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र सिंह, अमित शशांक मिश्रा, सहित भारी संख्या में शिक्षक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## अधेड़ का आम के पेड़ में लटकता हुआ मिला शव : पुलिस ने जताई आत्महत्या की आशंका

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र गोधुआ गांव में एक अधेड़ का मंगलवार को सुबह घर के पास के एक आम के पेड़ से रहस्यमय परिस्थिति में रस्सी के सहारे लटकता हुआ शव मिला।घटना की सूचना मिलते ही मुंगराबादशाहपुर थानाध्यक्ष विवेक तिवारी मौके पर पहुचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शव की पहचान पन्नालाल 54 वर्ष रजक पुत्र भग्गन रजक के रूप में हुई। पन्नालाल को 4 बेटे है चारो मुंबई में रहकर नौकरी करते हैं । पुलिस के मुताबिक पन्नालाल रजक नशे का आदी था और अपने भतीजो के साथ गांव में ही रहता था। विगत एक माह पूर्व भतीजो की शादी पड़ी थी पन्नालाल ने अपने बेटों से शादी में शामिल होने के लिए कहा लेकिन कोई बेटे विवाह में शामिल नही हुए। उसी समय से पन्नालाल कुछ खोया खोया सा रहने लगा था । पुलिस के अनुमान के अनुसार सोमवार की रात भोजन करने के बाद जब सब सो गए होंगे उसी दौरान घर से थोड़ी दूर पर आम के पेड़ के सहारे अपने गले मे फांसी का फंदा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जब घरवाले उठे तो पन्नालाल घर पर नहीं था।घर से कुछ ही दूर पर आम के पेड़ से लटक रहा था। जिसकी सूचना घर वाले पुलिस को दिए मौके पर पहुंचे मय हमराह थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मौत की वजह की सही जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगा। कोई तहरीर नही मीली है।रिपोर्ट आने के बाद विधिक कार्यवाही की जायेगी।

## 15 जुलाई तक हो जाएगा हदबंदी और अविवादित वरासत का निस्तारण –एस डी एम जौनपुर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : तहसील सभागार में मंगलवार को15 बिदुओं पर अधिवक्ताओं व तहसील अधिकारियों के मध्य वार्ता हुई।बैठक में उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया ने 15जुलाई तक हदबंदी और अविवादित वरासत की लम्बित पड़ी सभी पत्रावलियो के निस्तारण करने का आश्वासन दिया है। अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद ने धारा 24हदबन्दी,धारा 116,धारा 67(1),धारा 30(2),धारा 32/38,बैनामों के दाखिल खारिज और वरासत की सभी न्यायालयों की अविवादित पड़ी पत्रावलियों के तत्काल निस्तारण की मांग किया।उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया, तहसीलदार मूसाराम,नायब तहसीलदार सन्तोष कुमार आदि ने उक्त 15 विन्दुओं के समाधान का आश्वासन दिया।उपजिलाधिकारी ने बताया की राजस्व निरीक्षक व लेखपालों की टीम गठित कर 600 हदबंदी के मामले निस्तारित करने का लक्ष्य पूरा करने का कार्य व अभियान चलाकर गावो में जाकर वरासत दर्ज करने कार्य चल रहा है।15जुलाई तक हदबंदी और अविवादित वरासत के मामलो का निस्तारण कर दिया जाएगा।अवैध धन उगाही की शिकायत मिलने पर कार्यवाही करने का भी आश्वासन दिया है।सभी अधिवक्ताओं ने अपनी समस्या बताई जिस पर वार्ता की गई।इस अवसर पर महामन्त्री बनवारी राम मौर्य,वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चंद्र सिन्हा, जगदंबा प्रसाद मिश्रा,अशोक श्रीवास्तव,सुरेन्द्र मणि शुक्ला,भरत लाल यादव,आर पी सिंह,प्रेम बिहारी यादव ,हरिनायक तिवारी,यज्ञ नारायण सिंह,कुंवर भारत सिंह सहित सभी अधिवक्ता उपस्थित रहे।

## पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों एवम कर्मचारियों द्वारा कल निकाली जायेगी रथयात्रा



जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह

जौनपुर डीकेयू ब्यूरो : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर के जिलाध्यक्ष सुधाकर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से यह बताया है कि राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष हरिकिशोर तिवारी के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शिक्षकों एवम कर्मचारियों का साझा मंच पेंशन की मांग को निर्णायक आंदोलन से पूर्व जागरूकता के लिए प्रदेश के सभी जनपदों में रथयात्रा निकाल रहा है जिसके क्रम में आज दिनांक 7जून को 9बजे से पेंशन रथ वाराणसी –जौनपुर राष्ट्रीय राजमार्ग के कोल्हनामऊ मोड़ से कचहरी पहुंचकर सभा में तब्दील होगी।इस रथयात्रा में हमारे प्रांतीय एवम् जनपद के पदाधिकारियों नरसिंह बहादुर सिंह,अजय सिंह, प्रमोद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवम् कर्मचारी उपस्थित होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे। इसमें सभी शिक्षकों से आग्रह किया गया है कि पुरानी पेंशन बहाली की इस लड़ाई में सबको सहयोग करना चाहिए।

**पाठक बन्धुओं से अनुरोध**

आप सभी से अनुरोध है कि ऑनलाइन समाचार पत्र पढ़नें हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट www.Desh ki upasana.com का अधिक अधिक उपयोग करें–तथा हमारें यू–ट्यूब चैनल / पोर्टल - dku live सत्य एवं प्रमाणिक खबरों के लिए Like&Subscribe जरूर कीजिए।

–संपादक

## 03 नशा तस्कर गिरफ्तार

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : पुलिस का नशाखोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बघौली पुलिस ने तीन नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नौ किलो गांजा बरामद किया है। नशा तस्कर मारूति सेलेरियो गांजे की तस्करी करने के इरादे से कहीं




जा रहे थे। एसपी राजेश द्विवेदी और एएसपी पूर्वी नृपेंद्र सिंह की गाइडलाइन पर नशाखोरों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। बघौली पुलिस चौकी प्रभारी मार्कंडेय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सोमवार को बीकापुर मोड़ से मारूति सेलेरियो कार नंबर यूपी–76/एएल/3055 को तलाशी के लिए रोका। तलाशी के दौरान कार के अंदर से नौ किलो गांजा बरामद हुआ। कार सवार लोगों ने अपना नाम अंकित यादव पुत्र महेश यादव निवासी बैफरिया कोतवाली बिलग्राम,उसी गांव का रंजीत यादव उर्फ पिंकू पुत्र बोधीलाल और फर्रुखाबाद जिले के इन्दिरा नगर थाना कमालगंज निवासी सूरज यादव उर्फ लालू पुत्र सतीश चन्द्र बताया है। पुलिस टीम ने तीनों नशा तस्करों को उस वक्त दबोच लिया,जब वे तीनों बरामद किए गए गांजे की कहीं तस्करी के लिए जा रहे थे। फिलहाल पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है। तलाशी के दौरान कार के अंदर से नौ किलो गांजा बरामद हुआ। कार सवार लोगों ने अपना नाम अंकित यादव पुत्र महेश यादव निवासी बैफरिया कोतवाली बिलग्राम,उसी गांव का रंजीत यादव उर्फ पिंकू पुत्र बोधीलाल और फर्रुखाबाद जिले के इन्दिरा नगर थाना कमालगंज निवासी सूरज यादव उर्फ लालू पुत्र सतीश चन्द्र बताया है। पुलिस टीम ने तीनों नशा तस्करों को उस वक्त दबोच लिया,जब वे तीनों बरामद किए गए गांजे की कहीं तस्करी के लिए जा रहे थे। फिलहाल पुलिस सारे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर सुएज इंडिया ने एसटीपी प्लांट पर किया वृक्षारोपण

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस पर सुएज इंडिया ने दौलतगंज स्थित एसटीपी प्लांट पर वृक्षारोपण कियाद्य विश्व पर्यावरण दिवस को इस बार संयुक्त राष्ट्र ने ''प्लास्टिक प्रदूषण के



लिए समाधान'' तलाशने की थीम दी हैंद्य इसी मुहीम को ध्यान में रखते हुए सुएज इंडिया के कर्मचारियों ने अपने पूरे प्लांट में पॉलीथिन को इकठ्ठा किया और ये शपथ ली आगे से कभी भी प्लास्टिक बॉटल्स एवं पॉलीथिन का इस्तेमाल नहीं करेंगेद्य सुएज इंडिया के परियोजना निदेशक राजेश मठपाल ने भी सभी कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पॉलीथिन का इस्तेमाल न करने पर जोर दियाद्य उन्होंने बताया की सुएज इंडिया पर्यावरण से सम्बंधित कंपनी हैद्य जिस वजह से हमारी प्राथमिकता और ज्यादा हो जाती हैंद्य हम खुद भी प्लास्टिक या पॉलीथिन का इस्तेमाल न करें और समाज को भी इस प्लास्टिक न इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करेद्य इस पर्यावरण दिवस पर सुएज कर्मियों को जूट से बने बैग का वितरण भी किया गयाद्य इस पर्यावरण दिवस पर सुएज इंडिया से कम्युनिकेशन मैनेजर सुमित सिंह एवं अक्षत सक्सेना भी मौजूद रहे।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

भगवान उसकी मदद करते हैं जो खुद अपनीं मदद करता है।

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

## सम्पादकीय

# पर्यावरण की चिंताएं— हम बदलेंगे तो जग बदलेगा

दुनियाभर के कई क्षेत्र पानी के अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों के कारण पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसका पारिस्थितिकी तंत्र, कृषि और मानव आबादी पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मृदा प्रदूषण सहित विभिन्न रूपों में प्रदूषण एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है।

किसी ने सही कहा है कि ''हम बदलें तो युग बदलेगा''। वास्तव में जग या युग बदलना है तो हमें उसकी शुरुआत स्वयं से करनी होगी। इसी भावना से प्रेरित इस साल के विश्व पर्यावरण दिवस का थीम भी ''लाइफ'' है जिसका अभिप्राय जीवन शैली से है। अभिप्राय यह कि अगर हमने अपनी जीवनशैली प्रकृति के अनुकूल कर दी तो पर्यावरण का संरक्षण स्वयं ही हो जायेगा। क्योंकि हम प्रकृति के मालिक नहीं बल्कि अन्य जीवधारियों की ही तरह उसके अंग हैं। हम प्रकृति का संचालन अपने हिसाब से नहीं कर सकते और अगर सुखी और सुरक्षित जीवन जीना है तो प्रकृति के अनुसार ही हमें चलना होगा।

पर्यावरणीय मुद्दे जो चिन्ता पैदा करते हैं

हमारे समक्ष आज कई मुख्य पर्यावरणीय मुद्दे हैं जो गंभीर चिंता का विषय बने हुए हैं। इनमें से सर्वाधिक ज्वलंत मुद्दा जलवायु परिवर्तन का है। यह समस्या मुख्यरूप से मानव गतिविधियों से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन के कारण मानी गई है। यह समस्या बढ़ते वैश्विक तापमान, बदलते मौसम के पैटर्न, समुद्र के स्तर में वृद्धि और अन्य प्रतिकूल प्रभावों के रूप में सामने आ रही है।

इसके कारण दैवी आपदाओं में वृद्धि हो रही है। कृषि, लॉगिंग, शहरीकरण और अन्य उद्देश्यों के लिए जंगलों की बड़े पैमाने पर कटाई के कारण आक्सीजन के सबसे बड़े भण्डार वनों का दायरा सिकुड़ रहा है। परिणामस्वरूप वन्यजीव निवास की हानि, जैव विविधता में गिरावट और वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड के स्तर में वृद्धि हुई है। जैव विविधता का तेजी से नुकसान भी एक गंभीर मुद्दा है। मानव गतिविधियों जैसे प्राकृतिक आवास का विनाश, प्रदूषण, अतिदोहन और जलवायु परिवर्तन वन्यजीवों की आबादी और निवास स्थान की गिरावट का कारण बन रहे हैं। बढ़ते मानव और वन्य जीव संघर्ष का भी यह एक कारण है।

दुनियाभर के कई क्षेत्र पानी के अत्यधिक उपयोग, प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन जैसे कारकों के कारण पानी की कमी का सामना कर रहे हैं। इसका पारिस्थितिकी तंत्र, कृषि और मानव आबादी पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और मृदा प्रदूषण सहित विभिन्न रूपों में प्रदूषण एक प्रमुख चिंता का विषय बना हुआ है। यह मानव स्वास्थ्य, पारिस्थितिकी तंत्र और वन्य जीवन पर नकारात्मक प्रभाव डालता है।

औद्योगिक गतिविधियों, परिवहन और जीवाश्म ईंधन के जलने से होने वाले उत्सर्जन के कारण खराब वायु गुणवत्ता का मानव स्वास्थ्य पर हानिकारक प्रभाव पड़ता है और श्वसन संबंधी बीमारियों और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ा रहा है।

उचित प्रबंधन और संरक्षण के बिना, जीवाश्म ईंधन, खनिजों और मीठे पानी सहित प्राकृतिक संसाधनों की अत्यधिक खपत, संसाधनों की कमी हमें भविष्य के संकट की ओर ले जा रही है।

पर्यावरण अनुकूल जीवन शैली मूल मंत्र

अगर हम अपनी जीवनशैली को बदलें तो पर्यावरणीय असंतुलन के कारण हम जिस गंभीर संकट की ओर बढ़ रहे हैं, उसे रोका जा सकता है और हम बेहतर जीवन पा सकते हैं। उदाहरणार्थ अगर हम ऊर्जा—कुशल उपकरणों का उपयोग करके, उपयोग में न होने पर लाइट और इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों को बंद करें और हीटिंग तथा कूलिंग सिस्टम को अनुकूलित करके ऊर्जा की बचत करें या सौर या पवन ऊर्जा जैसे नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों का उपयोग करें तो पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

इसी प्रकार यदि हम जब भी संभव हो आवागमन के लिए साइकिल चलाने या सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने का विकल्प चुनें। कार का उपयोग करने की आवश्यकता है, तो कारपूलिंग या इलेक्ट्रिक या हाइब्रिड वाहनों का उपयोग करें तो कार्बनडाऑक्साइड जैसी गैसों के उत्सर्जन को कम करने में मदद मिल सकती है।

पानी के रिसाव को ठीक करके, छोटे शावर लेकर और पानी की बचत करने वाले उपकरणों का उपयोग करके पानी का संरक्षण कर सकते हैं। बागवानी के लिए वर्षा जल एकत्र कर और ड्रिप सिंचाई जैसी जल—बचत तकनीकों का उपयोग कर सकते हैं। पर्यावरण संरक्षण के लिए हम पुनः उपयोग की जाने वाली वस्तुओं और पुनर्चक्रण सामग्री को कम करके अपशिष्ट प्रबंधन पदानुक्रम अपना सकते हैं।

सिंगल—यूज प्लास्टिक से बच कर पुनः प्रयोज्य विकल्प चुन सकते हैं। लैंडफिल योगदान को कम करने के लिए जैविक कचरे को कम्पोस्ट बना सकते हैं।

खान पान की आदतें भी बदलनी जरूरी

पर्यावरण संरक्षण के लिए हम अपनी खाने की आदतें भी बदल सकते हैं। स्थानीय रूप से उत्पन्न किए गए, ऑर्गेनिक और मौसमी उत्पादों को चुनकर अपने कार्बन फुटप्रिंट को कम कर सकते हैं। भोजन को संतुलित और नियोजित कर, बचे हुए को कंपोस्ट करके और स्थायी कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करके भोजन की बर्बादी को कम कर सकते हैं।

पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों, नैतिक और टिकाऊ ब्रांडों और पर्यावरण प्रबंधन को प्राथमिकता देने वाले व्यवसायों का समर्थन करके सूचित विकल्प बना सकते हैं।

विश्व पानी के संकट की ओर बढ़ रहा है। अतः हमें पानी के संरक्षण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इसके साथ ही हमें कागज के उपयोग को सीमित करके और बिजली की खपत के प्रति सचेत रहकर संसाधनों का जिम्मेदारी से उपयोग करना चाहिए। हमें न्यूनतम पैकेजिंग वाले उत्पाद चुनने चाहिए और अनावश्यक खरीदारी से बचना चाहिए।

प्रकृति में अधिक समय बिताएं, इसकी सुंदरता की सराहना करें और पर्यावरण के साथ आत्मिक संबंध विकसित करें। हमें संरक्षण को बढ़ावा देने वाली गतिविधियों में शामिल होना चाहिए जैसे स्थानीय पर्यावरण संगठनों के लिए स्वेच्छा से काम करना या सामुदायिक सफाई आदि कार्यक्रमों में भाग लेना।

हमें पर्यावरण संरक्षण की वकालत करने के लिए अपनी आवाज उठानी चाहिए। उन नीतियों का समर्थन करना चाहिए जोकि नवीकरणीय ऊर्जा और सतत विकास को बढ़ावा देती हैं। पर्यावरण चेतना जगाने के लिए दूसरों को प्रोत्साहित करना चाहिए।

हमें याद रखना चाहिए कि प्रत्येक छोटा कार्य मायने रखता है और सामूहिक रूप से, इन परिवर्तनों का पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। पर्यावरण के प्रति जागरूक जीवनशैली अपनाकर हम आने वाली पीढ़ियों के लिए हमारे ग्रह के संरक्षण और सुरक्षा में योगदान दे सकते हैं।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## लोहिया पार्क में बनेगा अध्यात्म पथ : 104 खंभों पर एसएस प्लेट लगाकर गीता के श्लोक लिखे जाएंगे

लखनऊ ब्यूरो : लखनऊ के गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में अध्यात्म पथ विकसित किया जाएगा। इस संबंध में एलडीए वीसी डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने विभिन्न परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा के दौरान निर्देश जारी कर दिए। इसके अंतर्गत पार्क के बीच में स्थित पाथ—वे के किनारे लगे 104 खंभों पर एसएस प्लेट लगाई जाएंगी। इन प्लेट्स पर गीता के श्लोकों का अनुवाद सहित उल्लेख किया जाएगा। समीक्षा बैठक में एलडीए वीसी ने विकास एवं सौंदर्यीकरण के कार्यों में शिथिलता बरतने पर तीन कंपनियों पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। उपाध्यक्ष ने अभियंताओं व ठेकेदारों को निर्देशित किया कि समस्त कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से पूर्ण कराया जाए। ग्रीन कॉरिडोर प्रोजेक्ट के अंतर्गत सड़क चौड़ीकरण के कार्य की समीक्षा में पाया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा पर्याप्त मैन पावर नहीं लगाया गया है, जिससे कार्य की प्रगति धीमी है। साथ ही कार्यदायी संस्था द्वारा साइट पर सही से पानी का छिड़काव भी नहीं कराया जा रहा है, जिससे कि हर समय धूल का गुबार उठता है। इस पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था भारतीय इन्फ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड पर पांच लाख का जुर्माना लगाने के आदेश दिए हैं। इसी तरह हेरिटेज जोन में निर्माणाधीन फूड कोर्ट के कार्य में शिथिलता बरतने पर उपाध्यक्ष ने कार्यदायी संस्था गोमधारी प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड पर एक लाख का जुर्माना लगाया। तालकटोरा क्षेत्र



में काला पहाड़ झील के सौंदर्यीकरण के कार्य की सुस्त प्रगति पर सिंह टेडर्स पर पांच लाख का जुर्माना लगाने के आदेश दिए हैं। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम राष्ट्र प्रेरणा स्थल के कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें अवगत कराया गया कि प्रोजेक्ट के तहत म्यूजियम ब्लॉक का 70 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। नजूल भूमि पर अवैध कब्जों का सर्वे शुरू एलडीए द्वारा ऐशबाग क्षेत्र में नजूल की बेशकीमती जमीन पर अवैध कब्जों को चिह्नित करने के लिए सोमवार से अभियान शुरू कर दिया गया। ऐशबाग हाइट्स के पास से अभियान की शुरूआत की गई। उपाध्यक्ष बीते बृहस्पतिवार को अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा व अन्य अधिकारियों के साथ ऐशबाग क्षेत्र का निरीक्षण किया था। इस दौरान संज्ञान में आया था कि बड़ी संख्या में नजूल की जमीन पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा है।

## मां—बेटी की मौत : विज्ञापन के लिए लगाए गए जर्जर खंभों को तत्काल बदलें —नगर विकास मंत्री

लखनऊ ब्यूरो : नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने राजधानी लखनऊ में इकाना स्टेडियम के पास हुई घटना को देखते हुए अधिकारियों को शहरों में विज्ञापन के लिए लगाए गए जर्जर खंभों को तत्काल बदलने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को इकाना स्टेडियम के परिसर में लगा यूनिपोल (होर्डिंग) तेज आंधी में स्कॉर्पियो पर गिर गया था। इसके मलबे में एसयूवी सवार मां—बेटी समेत तीन लोग दब गए। जिसमें मां—बेटी की मौत हो गई। नगर विकास मंत्री अपने आवास पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी निकाय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने सभी निकाय अधिकारियों को हर हाल में 15 जून से पहले नाले और नालियों की शत—प्रतिशत सफाई कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह हिदायत भी दी है कि अगर बारिश के दौरान जल निकासी में रुकावट पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लखनऊ के नगर आयुक्त से फैजुल्लागंज नाले के निर्माण के संबंध में जानकारी ली। नगर आयुक्त ने बताया कि पर्याप्त टेंडर न आने की वजह से निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका है।



मंत्री ने जल निगम के प्रबंध निदेशक से पेयजल आपूर्ति के लिए पाइपलाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों का मरम्मत 15 जून से पहले कराने को कहा है। बैठक में सचिव नगर विकास रंजन कुमार, प्रबंध निदेशक जल निगम अनिल कुमार ढींगरा, निदेशक नगरीय निकाय नेहा शर्मा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शालीमार गेटवे मॉल में शुरू हुआ ''लखनऊ बुक फेयर'' : लॉक द बॉक्स पाएं साहित्य का अपना खजाना

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊः राजधानी के पसंदीदा शॉपिंग मॉल शालीमार गेटवे मॉल में लखनऊ बुक फेयर – लॉक द बॉक्स का आगाज 26 मई को हो चुका है। यह बुक फेयर व प्रदर्शनी 4 जून तक आयोजित की जा रही है। यह साहित्यिक उत्सव सभी उम्र के साहित्य प्रेमियों को एक अनोखा अनुभव दे रहा है। इस बुक फेयर और प्रदर्शनी में रोजाना 500 से अधिक पुस्तक प्रेमी अपनी पसंद के साहित्य की तलाश में पहुंच रहे हैं और अपनी पसंद की किताबों को बेमिसाल ऑफर के साथ खरीद रहे हैं। लॉक द बॉक्स इवेंट एक अनूठा कांसेप्ट है,जिसमें पुस्तक प्रेमी एक बार कीमत अदा कर एक बॉक्स में जितनी किताबें आ सकती हैं उतनी किताबें खरीद सकते हैं। तीन अलग—अलग प्रकार के बॉक्स उपलब्ध हैं, प्रत्येक बॉक्स की कीमत अलग। ओडीसियस बॉक्स, लगभग 8—10 किताबें आती हैं और इसकी कीमत 1199 रुपये है। पर्सियस बॉक्स में 15—17 किताबें रखी जा सकती हैं और इसकी कीमत 1999 रुपये है। जबकि हरक्यूलिस बॉक्स में 28—30 किताबें रखी जा सकती हैं और इसकी कीमत 2999 रुपये है। शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर श्री कुणाल सेठ ने कहा, ''लखनऊ में लॉक द बॉक्स का आयोजन कर हम बहुत उत्साहित हैं। यह इवेंट में सभी आयुवर्ग के पाठकों व पुस्तक प्रेमियों के लिए आयोजित किया गया है। हमारा मानना है कि यह इवेंट पुस्तक प्रेमियों के लिए एक साथ आने और पढ़ने के अपने पुस्तक प्रेम का जश्न मनाने का एक शानदार अवसर है। उनके पास चुनने के लिए विभिन्न प्रकार की किताबें हैं, जिनमें फिक्शन, नॉन—फिक्शन, बच्चों की किताबें और बहुत कुछ।'' इस बुक फेयर में फिक्शन, नॉन—फिक्शन, बच्चों की किताबें व अन्य विषयों किताबें पर चुनने के कई सारे विकल्प मौजूद हैं। बुक फेयर में अन्य कई विशेष आयोजन भी किए जा रहे हैं। किताबों के अथाह सागर में गोते लगाने के साथ ही पाठकों को बुक ट्रेड व रीडिंग सेशन में भी भाग लेने का अवसर मिलेगा।

## सीलबंद लिफाफे में कमेटी ने सौंपी रिपोर्ट : दो डॉक्टरों पर हो सकती है कार्यवाही

गोरखपुर ब्यूरो : बीआरडी मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों ने बंद कमरे में मरीज को लात, जूतों से पीटने के मामले की रिपोर्ट कमेटी ने सीलबंद लिफाफे में बीआरडी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को सौंप दी है। प्राचार्य रिपोर्ट मिलने के बाद एक से दो दिनों के अंदर इस पर बड़ा फैसला कर सकते हैं। बताया ज रहा है कि डॉक्टरों पर कार्रवाई की तलवार लटक रही है। एक से दो डॉक्टरों पर कार्रवाई भी हो सकती है। जूनियर डॉक्टरों की मारपीट का मामला शासन से लेकर मुख्यमंत्री तक पहुंच गया है। मामले में एक नामजद सहित आठ डॉक्टरों पर मुकदमा भी दर्ज हो चुका है। काफी दबाव के बाद कॉलेज प्रशासन ने जांच के लिए तीन सीनियर डॉक्टरों की देखरेख में कमेटी भी बनाई। कमेटी ने सोमवार को सीलबंद लिफाफे में प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार को रिपोर्ट सौंप दी है। बताया जा रहा है कि रिपोर्ट मिलने के बाद कॉलेज प्रशासन एक से दो दिनों के अंदर डॉक्टरों पर कार्रवाई की संस्तुति कर सकता है। साथ ही मामले की पूरी रिपोर्ट भी शासन को भेजेगी। प्राचार्य डॉ. गणेश कुमार ने बताया कि कमेटी ने रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। यह था मामला बुधवार की शाम देवरिया निवासी संदीप सिंह ने घर में कीटनाशक पी लिया था। इसके बाद पत्नी अंकिता ने उन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। बृहस्पतिवार को सीनियर डॉक्टरों ने वार्ड में निरीक्षण किया तो संदीप की सेहत ठीक मिली। सीनियर डॉक्टर ने दो दिन और भर्ती करने का निर्देश जूनियर डॉक्टरों को दिया। इस बीच संदीप खुद को डिस्चार्ज करन के लिए दबाव बनाने लगा। दोपहर में संदीप और अंकिता ने ड्यूटी पर तैनात महिला रेजीडेंट से डिस्चार्ज करने की बात कही। इसके बाद दोनों में विवाद बढ़ गया। महिला रेजीडेंट ने अपने पति समेत अन्य जूनियर डॉक्टरों को बुला लिया। इसके बाद जूनियर डॉक्टरों ने बंद कमरे में संदीप को लात—जूतों और ठंडों से बुरी तरह पीटा था।

## सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई पिहानी पालिका बोर्ड की बैठक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सौहार्दपूर्ण वातावरण में आज नगर पालिका परिषद के सभागार में बोर्ड की पहली बैठक संपन्न हुई। मैरिज हाल, पार्क व सोलर लाइटों का प्रस्ताव नवनिर्वाचित पालिकाध्यक्ष की ओर से रखा गया। बैठक में लाईट, पानी, सड़क ,नाला ,जल निकासी के प्रस्ताव सभासदों ने दिए। बैठक के बीच में ही नाला सफाई को लेकर एक सभासद व नगरपालिका कर्मचारी के बीच में तीखी नोकझोंक हुई। चेयर पर्सन शाहीन बेगम ने नगर के विकास का संकल्प लिया। उन्होंने बोर्ड की बैठक में नगर के सीमा के गेट पर अध्यक्ष व सभासदों के फोटो लगाने , पानी का टैंकर ध600 से ध400, नगर में चौराहों पर फ्रीजर, नगर में खराब लाइटों को बदलने, टूटी सड़कों को बनवाने, सौ लाइटों मे 2——2 सभासद व 50 लाइटें अध्यक्ष के लगाने का प्रस्ताव रखा । नसीर, कट्टन खा, संतोष राठौर, पूनम गुप्ता रेनू देवी,विनीत गुप्ता , अच्छन मियां ने सड़क निर्माण, नाला निर्माण व लाइटों की मांग रखी। पूनम गुप्ता ने अपने वार्ड के श्मशान घाट के जीर्णोद्धार की मांग की। कृष्ण गोपाल अवस्थी ने मई का आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। 2023—2024 का अनुमानित मूल बजट बोर्ड ने पारित किया गया। बैठक में अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सिंह ने कहा कि सभासद अपने—अपने वार्डों की जनसमस्याओं की सूची तैयार कर हमें दें। आने वाली बरसात के चलते नाला सफाई पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सफाई के मुद्दे पर भड़के सभासद चांद




मियां सभासद चांद मियां ने नाला सफाई न होने का आरोप बोर्ड बैठक में संबंधित कर्मचारी रमाकांत सक्सेना पर लगाया। चेयरपर्सन शाहीन बेगम व ईओ अमित कुमार सिंह के समक्ष दोनों के मध्य तीखी नोकझोंक हुई। चेयरपर्सन शाहीन बेगम ने प्रकरण को संज्ञान में लिया। सभासद चांद मियां ने कहा कि हमारा वार्ड बड़ा होने के कारण अधिक सफाई कर्मियों की जरूरत होती है। वार्ड में मात्र 2 कर्मचारी तैनात हैं। 2 कर्मचारियों से नाला सफाई भी नहीं हो पाती। रमाकांत सक्सेना ने कहा कि चांद मियां हमसे किसी बात को लेकर खुन्नस मानते हैं। इसी वजह से बेवजह के आरोप लगाते हैं। बसपा के सभासद आलिम ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन ने पिछले ठेका पर लगे कर्मचारियों को हटा दिया है जब इतने ही कर्मचारियों से काम चल रहा है तो नए कर्मचारियों ठेका पर नए कर्मचारियों की तैनाती न की जाए। नए कर्मचारी लगने से पालिका पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

## बृजभूषण सिंह की बढ़ेंगी मुश्किलें! दिल्ली पुलिस ने घर पहुंचकर दर्ज किए 12 गवाहों के बयान

गोंडा ब्यूरो : महिला पहलवानों के आरोपों की जांच कर रही दिल्ली पुलिस और एसआईटी रविवार की रात विश्नोहरपुर पहुंची। गोंडा जिले में नवाबगंज थाना अंतर्गत विश्नोहरपुर में यौन शोषण के आरोपी भाजपा सांसद का पैतृक निवास है। पुलिस ने वहां 12 लोगों के बयान दर्ज किए। इनमें सांसद बृजभूषण शरण सिंह के करीबी, परिजन, सहयोगी और सुरक्षाकर्मी शामिल हैं। कैसरगंज सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह विश्वनोहरपुर गांव में ही राजनीतिक गतिविधियां संचालित करते हैं। विवेचना कर रही एसआईटी ने पूर्व में 125 गवाहों के बयान रिकॉर्ड किये थे। सोमवार को यह संख्या 137 पहुंच गई। यौन शोषण मामले की जांच कर रही एसआईटी ने पहले भी गोंडा जिले में लोगों के बयान रिकॉर्ड किये हैं। एसआईटी देश के साथ ही विदेशों में कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान लगे आरोपों की जांच कर रही है। हालांकि, पुलिस विभाग के अधिकारी इस मामले में कुछ भी कहने से बच रहे




हैं। सांसद के एक करीबी ने भी नाम न छापने की शर्त पर दिल्ली पुलिस द्वारा विश्नोहरपुर आने की पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक आकाश तोमर ने तो कहा कि यह बड़े स्तर की जांच है, गोंडा पुलिस का इसमें कोई इन्वॉल्वमेंट नहीं है। गांव के एक व्यक्ति ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बयान लिया है। जांच टीम ने नाम—पता और मोबाइल के अलावा पहचान पत्र भी साक्ष्य संकलन के तौर पर जुटाया है।

## स्पेशल बच्चों के लिए विद्यालयों में लगेगा स्पेशल मेडिकल एसेसमेंट कैंप : आसानी से मिलेगा प्रमाण पत्र

लखनऊ ब्यूरो : विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों (दिव्यांग बच्चों) को मेडिकल टेस्ट, सलाह और दिव्यांगता प्रमाण पत्र के लिए अब भटकना नहीं पड़ेगा। योगी सरकार ने ऐसे बच्चों को राहत देते हुए माध्यमिक विद्यालयों में ही मेडिकल एसेसमेंट कैंप लगाने की योजना बनाई है। इस मेडिकल एसेसमेंट कैंप में दिव्यांग बच्चों के मेडिकल चेकअप के अलावा उनकी दिव्यांगता का आंकलन कर उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र भी बनाया जाएगा। मेडिकल एसेसमेंट कैंप लगाए जाने के संबंध में राज्य परियोजना निदेशक की ओर से सभी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं। इसके अनुसार जनपदों द्वारा मेडिकल एसेसमेंट कैंप के लिए स्थल व तिथियों का निर्धारण 30 जून तक, जबकि कैंप का आयोजन 30 अगस्त तक पूर्ण किया जाएगा। कैंप में सम्मिलित होगी विशेषज्ञों की टीम राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद द्वारा जारी निर्देशों में कहा गया है कि मेडिकल एसेसमेंट कैंप आयोजित कराने के लिए चिकित्सकों के दल में एक आर्थोपेडिक सर्जन, एक ईएनटी सर्जन, एक नेत्र विशेषज्ञ एवं एक साइकोलॉजिस्टध्साइकिट्रिशियन का सम्मिलित होना अनिवार्य है। यदि चिकित्सकों के दल में ऑडियोलॉजिस्ट एवं साइकोलॉजिस्ट उपलब्ध न हों तो ऐसे बच्चों के लिए मुख्य चिकित्साधिकारी/जिलाधिकारी से संपर्क कर अपने मंडल के अपर निदेशक स्वास्थ्य, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, राष्ट्रीय बौद्धिक दिव्यांगजन सशक्तिकरण संस्थान व अली यावर जंग राष्ट्रीय वाक् एवं श्रवण दिव्यांग संस्थान मुंबई से समन्वय स्थापित कर चिकित्सकों/विशेषज्ञों को आमंत्रित किया जाए। जनपद में 886 मेडिकल एसेसमेंट कैंप का होगा आयोजन मेडिकल एसेसमेंट कैंप के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए गए हैं। इसमें कहा गया



है कि कैंप के आयोजन के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक से समन्वय स्थापित कर माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को मेडिकल एसेसमेंट कैंप में सम्मिलित किया जाए। प्रत्येक कैंप में 50 विशिष्ट आवश्यकता वाले ऐसे बच्चों को अनिवार्य रूप से प्रतिभाग कराया जाए जिनके पास दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। कैंप के आयोजन के लिए व्यापक प्रचार—प्रसार की कार्यवाही की जाए। प्रदेश के सभी 886 ब्लॉकों में मेडिकल एसेसमेंट कैंप का आयोजन किया जाना है। इस बात का ध्यान रखा जाए कि मेडिकल एसेसमेंट कैंप में जनपद के समस्त विकासखंड के दिव्यांग बच्चे आच्छादित हो जाएं। कक्षा 1 से 12 तक के छात्र होंगे लाभान्वित ये भी निर्देश दिया गया है कि स्पेशल एजुकेटर्स द्वारा उनके आवंटित न्यायपंचायत के एवं नोडल टीचर द्वारा अपने विद्यालय के दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग कर प्रमाण पत्र के लिए दिव्यांग बच्चों को चिन्हित किया जाएगा। चिन्हांकन के लिए समर्थ एप पर पंजीकृत बच्चों के डेटाबेस की भी मदद ली जा सकेगी। जिन बच्चों को उपकरण एवं करेक्टिव सर्जरी की आवश्यकता है, उनकी सूची तैयार कर चिन्हित किया जाए। जापानी इंसेफेलाइटिस एवं एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम से प्रभावित बच्चों को भी चिन्हांकित कर परीक्षण कराया जाए। कैंप में समग्र शिक्षा के अंतर्गत कक्षा एक से 12 तक विद्यालयों में पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चे लाभान्वित होंगे। मेडिकल बोर्ड द्वारा निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर यूडीआईडी के लिए बीआरसीध जनसेवा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन पंजीकरण कराते हुए यूनिक डिसेबिलिटी आईडी निर्गत कराई जाएगी तथा इसका विवरण समर्थ एप पर अपडेट किया जाएगा। कैंप में कोविड प्रोटोकाल का भी पालन किया जाएगा।

# साहिब श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) मनाया गया

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज दिनाँक 05.06.2023 दिन सोमवार को मीरी पीरी के मालिक, बन्दी छोड़ दाता, सिखों के छठे गुरु श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी का प्रकाश पर्व (जन्मोत्सव) ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला,लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । सायं श्री रहिरास साहिब के पाठ के उपरांत रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में शबद कीर्तन एवं नाम सिमरन द्वारा समूह संगत को निहाल किया मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आपका जन्म श्री गुरु अरजन देव जी व माता गंगा जी के घर श्री अमृतसर में हुआ था। श्री गुरु अरजन देव जी की शहीदी के बाद आप गद्दी पर बैठे व दो तलवारें धारण की एक मीरी की और एक पीरी की। मीरी का मतलब बादशाहत, ताकत, शक्ति, भाव जो लोग दुनिया में जुल्म कर रहे है मैं मीरी की तलवार पहन कर उन्हें जुल्म करने से रोकूंगा और पीरी का मतलब जो लोग पीर फकीर अधर्मी बनकर पाप कर रहे हैं, मैं उनके पाप को प्रकट करुंगा व सच्चे धर्माथियों की रक्षा करुंगा। जहाँ श्री गुरु अरजन देव जी ने श्री अमृतसर में हरिमन्दिर साहिब की सर्जना की जो भक्ति का प्रतीक है, वहाँ श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी



ने हरिमन्दिर साहिब के ठीक सामने अकाल तख्त की सर्जना की जो शक्ति का प्रतीक है। गुरु जी ने दुनिया के भले के लिये पानी की कमी को देखकर जगह–जगह कुएं खुदवाये और ऊँच नीच के भेदभाव को खत्म किया। गुरु जी की दिन प्रतिदिन बढ़ती ताकत को देखकर जुल्म का शिकार हुए ईर्शालु सहन न कर सके व गुरु जी को ग्वालियर के किले में बन्द कर दिया। जहाँ जहाँगीर के सताये हुए 52 हिन्दू राजा भी कैद थे जिनका राजपाट जहाँगीर ने अपने कब्जे में कर लिया था, पर कुछ समय बाद जहाँगीर ने गुरु जी को मुक्त करने का आदेश दिया। गुरु जी ने कहा हम अकेले किले से बाहर नहीं जायेंगे। अगर हमें रिहा करना है तो इन 52 हिन्दू राजाओं को भी रिहा करना होगा। जहाँगीर को गुरु जी की शर्त माननी पड़ी। इस तरह गुरु जी उन 52 हिन्दू राजाओं को लेकर किले से बाहर निकले और उनका राजपाट वापस दिलवाया। तभी से गुरु जी को ''बन्दी छोड़ दाता'' भी कहा जाता है। विशेष रूप से पधारे रागी जत्था भाई प्रिन्सपाल सिंह जी पटियाला वालों ने पंज पिआले पंज पीर छठमु पीरु बैठा गुर भारी।।अरजन काइिआ पलटि कै मूरति हरिगोबिन्द सवारी।। गायन कर समूह संगत को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन स0 सतपाल सिंह मीत ने किया। लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी एवं ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिंडोला लखनऊ के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने समूह संगत को श्री गुरु हरिगोबिन्द साहिब जी के प्रकाश पर्व (प्रकाशोत्सव) की बधाई दी। समाप्ति के पश्चात हरमिन्दर सिंह टीटू महामंत्री की देखरेख में दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा मिस्से प्रसादे एवं लस्सी का लंगर वितरित किया।

# पूर्णाहूति एवं भव्य भण्डारे के साथ 11 दिवसीय श्री हुनमत महायज्ञ संपन्न

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। राजधानी के आईआईएम रोड के सरौरा गांव स्थित बड़ी भुय्यन माता मंदिर में बीते 25 मई से चल रहा 11 दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ रविवार को पूर्णाहूति व भव्य भंडारें के साथ संपन्न हो गया। इस अवसर पर यहां 108 फीट ऊंची धर्मध्वजा से सुसज्जजित मंदिर यज्ञ स्थल मंत्रोच्चार और शंखों की तीव्र ध्वनियों से गुंजायमान रहा। इससे पहले मंदिर में माता सेवक तपस्वी नागा साधु आनंद गिरि के सानिध्य, आचार्य शिवाकांत द्विवेदी के नेतृत्व में अन्य पुरोहितों द्वारा मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजा अर्चना कर हवन का कार्य संपन्न कराया गया। यहां हवन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही। हवन से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। यज्ञवेदी में मंत्रोच्चार के साथ आहूति डाली गई। पूर्णाहूति के बाद मंत्रोच्चार और शंखों की तीव्र ध्वनियों के बीच यहां मंदिर परिसर में बने हनुमान मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति स्थापित की गई। जिसके बाद यहां भव्य भंडारे का आयोजन



किया गया। भंडारे में श्रद्धालुओं को महाप्रसाद के रूप में खीर, पूरी, रायता, सब्जी एवं फल का महाभोग परोसा गया। भंडारे में साधुकसंतों के अलावा, वकील, डॉक्टर, अधिकारी समेत भारी संख्या में दूर दराज से आए श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं मंदिर में माता सेवक तपस्वी नागा साधु आनंद गिरि ने बताया कि यहां सुमेरू महायज्ञ, शतचंडी महायज्ञ का आयोजन हर वर्ष किया जाता हैं। श्री हनुमत महायज्ञ का आयोजन यहां पहली बार घकिया गया। इस 11 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि लोगों में सद्बुद्धि, सद्विचार एवं धार्मिक चेतना जाग्रत हो, इसी उद्देश्य के साथ यहां निरंतर धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया जाता है।

# जिला महिला अस्पताल मामला : कौन सी एंटीबायोटिक से हुई एलर्जी : कमेटी को भी नहीं पता

गोरखपुर ब्यूरो : जिला महिला अस्पताल के 100 शैया के एमसीएच विंग में भर्ती 13 मरीजों को कौन से एंटीबायोटिक से शरीर पर दुष्प्रभाव हुआ, यह तीन सदस्यीय कमेटी भी नहीं जान सकी है। कमेटी ने सीएमओ को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसमें इस बात का जिक्र किया है। अब कमेटी को ड्रग विभाग की रिपोर्ट का इंतजार है। जिसके आने में कम से कम 20 से 25 दिन का समय लग सकता है। बताया जा रहा है कि तकनीकी रूप से कमेटी को यह पता नहीं चल पाया है कि किस एंटीबायोटिक का असर मरीजों के शरीर पर हुआ है। क्योंकि, वही एंटीबायोटिक मरीजों करीब सात घंटे पहले भी लगाई गई थी। कमेटी के अध्यक्ष व महिला अस्पताल के एसआईसी डॉ. जय कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया केवल यही कारण समझ में आया है कि एंटीबायोटिक इंजेक्शन लगने से मरीजों को एलर्जी हुई है। मरीजों को दो अलग–अलग एंटीबायोटिक लगाए गए थे। ऐसे में किसका दुष्प्रभाव शरीर पर पड़ा, यह बता पाना मुश्किल है। ऐसे में जब तक ड्रग विभाग की जांच में यह जानकारी नहीं हो जाती कि कौन से एंटीबायोटिक इंजेक्शन में दिक्कत थी तब तक कुछ भी बता पाना संभव नहीं है। ड्रग इंस्पेक्टर जय सिंह ने बताया कि चार एंटीबायोटिक इंजेक्शन के नमूने लिए गए हैं, जिसे जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया है। सीएमओ डॉ. आशुतोष कुमार दूबे ने बताया कि कमेटी ने रिपोर्ट सौंप दी है जिसे शासन को भेजी गई है। अब ड्रग विभाग की रिपोर्ट का इंतजार है। शरीर के किसी भी



हिस्से पर हो सकता है इंजेक्शन का दुष्प्रभाव बीआरडी मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. अमरेश सिंह ने बताया कि एंटीबायोटिक इंजेक्शन के एलर्जी से शरीर के किसी भी अंग पर उसका दुष्प्रभाव हो सकता है। इसमें ज्यादा वक्त भी नहीं लगता। अच्छी बात यह थी कि शरीर पर दुष्प्रभाव का असर महिलाओं पर ज्यादा नहीं हुआ। समय रहते एंटी एलर्जी लगा दी कि इसकी वजह से उनकी जान बच गई। यह था मामला महिला अस्पताल में बृहस्पतिवार देर रात एंटीबायोटिक इंजेक्शन लगाने से 13 भर्ती मरीजों की हालत बिगड़ गई थी। एक–एक करके महिलाओं को मिचली, उल्टी, चक्कर, आंखों में जलन सहित खुजली की शिकायत होने लगी। इस पर महिलाओं के परिजनों ने करीब तीन घंटे तक हंगामा किया। शासन ने भी पूरे मामले की रिपोर्ट मांग ली। डीएम के निर्देश पर सीएमओ ने जांच कमेटी बनाई थी।

# करेंट लगने से युवक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : मुंगराबादशाहपुर थाना अंतर्गत शादी विवाह में लाईट डेकोरेशन का काम करने वाले युवक की करेंट की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के नारायणडीह गांव निवासी बरकत अली 40 वर्ष पुत्र शमशेर अली शादी विवाह व अन्य शुभ अवसरों पर लाईट सजावट का काम करते हैं। तय शुदा आर्डर के मुताबिक मंगलवार को दोपहर 2 बजे वह लौंह गांव में एक तिलक समारोह में लाईट डेकोरेशन का काम कर रहे थे तार कहीं से कटा हुआ था अचानक वह काम करते वक्त बिजली की चपेट में आ गये जिससे वह बुरी तरह से झुलस गये।आनन फानन में लोग उन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र ले आये जहां पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का किया गया आयोजन

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर माध्यमिक विद्यालय आर ए बाजार तोपखघना कैंट लखनऊ के प्रांगण व प्रेक्षागृह में पर्यावरण जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का



आयोजन किया गया जिसमे पर्यावरण सुरक्षा, ग्लोबल वार्मिंग के प्रभाव, सतत विकास, वन्य जीव अपराध जैसे विषयों पर छात्रों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम किया गया , स्कूल में बैनर पोस्टर के माध्यम से छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमे मुख्य अतिथि विलास एच पवार, मुख्य अधिशासी अधिकारी छावनी परिषद लखनऊ के द्वारा छात्रों के मध्य पर्यावरण के महत्व को साझा किया गया ,स्कूल परिसर में वृक्षारोपण किया गया, पुरस्कार वितरण व कार्यक्रम का समापन भी किया गया । मंच संचालन का कार्य प्रधानाचार्य के डी तिवारी द्वारा किया गया। विद्यालय के समस्त शिक्षक व छात्रों, स्वास्थ्य अधीक्षक अरुण कुमार अवस्थी , जैनेंद्र तिवारी तथा छावनी परिषद द्वारा संचालित विद्यालयों के प्रधानाध्यापिका कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# चौपाल लगाकर पुलिस ने महिला एवं बाल सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय खरगूपुर गोंडा।महिला एवं बाल सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए चौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। थाना अंतर्गत ग्राम महादेवा कला विश ना पुर भटपुरवा रंजीत नगर



देवरिया कला समेत आ ठ स्थानों पर जागरूकता के लिए चौपाल का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आयोजित उक्त कार्यक्रम में जिले से आए फॉरेंसिक टीम प्रभारी मनोज कुमार डॉग स्क्वायड के उप निरीक्षक दिनेश पांडे फायर सर्विस उपनिरीक्षक त्रिलोकी नाथ शर्मा मिशन शक्ति टीम प्रभारी भोला शंकर के अतिरिक्त मुख्य आरक्षी एवं महिला पुरुष आरक्षी ने चौपाल में उपस्थित लोगों के बीच महिला एवं बाल सुरक्षा की भावना विकसित करने के लिए पुलिस विभाग की विभिन्न सेवाओं के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया । चौपाल में किसी भी आपात स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर त्वरित सेवा पाने के लिए विभाग एवं सरकार द्वारा जारी नंबरों की भी जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रमों में महिलाओं के अतिरिक्त बच्चे एवं पुरुष शामिल हुए।

# रेल दुर्घटना पीड़ितों की कन्याओं का सारा खर्चा उठाएगी मेरी मां फाउंडेशन

अयोध्या (डीकेयू लाइव ब्यूरो) सुरेंद्र कुमार।अयोध्या की रामलीला और मेरी मां फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सुभाष मलिक (बॉबी) जी ने आज प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बोला कि उड़ीसा बलासोर रेल दुर्घटना मे जिनके परिवार के सदस्य की मृत्यु हुई है उनकी कन्याओं की शादी का सारा खर्चा मेरी मां फाउंडेशन करेगी ये दुर्घटना बड़ी दुखदायी है इसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता पर हम पूरी कोशिश कर रहे हैं जितना हमसे हो सकेगा बच्चों के लिए हमारी संस्था करेगी और कन्यादान मे 1 लाख कैश भी दिए जाएंगे इस मौके पर उन्होने बोला ये निर्णय हमारी संस्था के सभी पद अधिकारियो का है। राकेश बिंदल जी, प्रदीप अग्रवाल , पवन वत्स , करण शर्मा , अमित कुमार , शुभम मलिक , राहुल भूचर जश, सत्यप्रकाश राणा अयोध्या की रामलीला और मेरी माँ फाउंडेशन समाज सेवा के काम में लगी रहती है कोरोना कॉल मे भी नई दिल्ली कनॉट प्लेस में खाने का वितरण,घर ग्रहस्ती चलाने के लिए सिलाई मशीन, गरीब बच्चों के स्कूल की फीस और उनका खर्चा मेरी मां फाउंडेशन और अयोध्या की रामलीला उठाती आई है गरीब कन्याओं की शादी घर ग्रहस्ती चलाने के लिए सामान और कन्या दान ऐसे कई कार्य मेरी मां फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे है। सुभाष मलिक (बॉबी) ने कहा अयोध्या की रामलीला जो विश्व की सबसे बड़ी रामलीला है उसका आयोजन भी मेरी मां फाउंडेशन द्वारा किया जाता है।

# प्रदेश स्तरीय स्टेडियम : 12 एकड़ का खेल मैदान जिप अध्यक्ष व डीएम ने किया भूमि पूजन

सुल्तानपुर' ब्यूरो आलोक श्रीवास्तव : तहसीत बल्दीराय के निशासिन में मंगलवार को शिवाजी स्टेडियम खेल मैदान का भूमि पूजन हुआ। जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा सिंह, डीएम जसजीत कौर, सीडीओ अंकुर कौशिक व ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह भूमि पूजन में शामिल हुए। ये खेल मैदान 12 एकड़ में बनेगा, जिसकी अनुमानित लागत 40 करोड़ रुपये है। दस एकड़ में स्टेडियम व दो एकड़ में होगा आवासीय परिसर ब्लॉक प्रमुख व कार्यक्रम के आयोजक शिवकुमार सिंह ने कहा कि स्टेडियम की बहुत ही आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि मेरा एक सपना था जब मैने साल 2000 में खेलना बंद किया था, कि मैं अपने क्षेत्र में स्टेडियम बना सकूं। इसलिए कि मैं अक्सर बच्चों के कार्यक्रम में जाता था, उनका प्रोत्साहन करता था तो सभी स्टेडियम की मांग करते थे। मैं जब ब्लॉक प्रमुख की कुर्सी पर बैठा तो वो सपना साकार करने में जुट गया। उन्होंने बताया कि यही बगल में नदी है, नदी के बगल में हमारे 600 फौजी भाई हैं। मैं यहां जब से आ रहा हूं रात–दिन सब मांग कर रहे थे। ब्लॉक प्रमुख ने डीएम–सीडीओ और डीपीआरओ से अधिक से अधिक बजट देने की मांग किया। उन्होंने बताया दस एकड़ में स्टेडियम ग्राउंड होगा और दो एकड़ में आवासीय परिसर होगा। उन्होंने बताया कि कोशिश करूंगा की क्षेत्रीय स्तर पर नहीं बल्कि प्रदेश स्तर पर स्टेडियम इस्तेमाल हो। जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत के सहयोग से बनाया जा



रहा स्टेडियम वही डीएम जसजीत कौर ने बताया कि प्रमुख रूप से स्टेडियम जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख बल्दीराय की ओर से बनाया जा रहा है। जिसका आज भूमि पूजन था। हम लोगों ने भी इसको अच्छा बनाने के लिए सोचा हुआ है। इसके लिए जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत और मनरेगा से और अन्य लोगों से भी सहयोग कराएंगे। इस स्टेडियम से यहां के युवाओं और आसपास के युवाओं को भी एक अच्छा अवसर मिलेगा। एसपी समेत सभी अधिकारी व जनप्रतिनिधि रहे मौजूद कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक सोमेन वर्मा, डीपीआरओ अभिषेक शुक्ला, उप जिलाधिकारी बल्दीराय महेंद्र कुमार श्रीवास्तव, सीओ रमेश, अपर मुख्य अधिकारी हरिओम नरायण, थानाध्यक्ष अमरेंद्र बहादुर सिंह, प्रधान मोहम्मद मतलूब, बीडीओ सत्य नारायण सिंह मौजूद रहे।

# आपरेशन ब्लू स्टार के शहीदों एवं मारे गए निर्दोष सिक्खों की याद में अरदास एवं श्रद्धांजलि

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। दिनाँक 06.06.2023 को प्रातः के दीवान में श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर साहिब में हुए आपरेशन ब्लू स्टार के शहीदों एवं मारे गये निर्दोष सिक्खों की याद में ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी, श्री गुरू सिंह सभा,नाका हिन्डोला, लखनऊ में अरदास की गई। प्रातः श्री सुखमनी साहिब के पाठ के उपरान्त रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुरवाणी में आसा की वार का शबद कीर्तन गायन किया। ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने आपरेशन ब्लू स्टार के बारे में बताया कि इस आपरेशन में जो निर्दोष साध संगत जो गुरु जी के दर्शनों के लिए श्री दरबार साहिब (स्वर्णमन्दिर) में सपरिवार आई थी ऑपरेशन ब्लू स्टार के दौरान उसमें से सैकड़ों लोग शहीद हो गए जिन्हें हम अपनी श्रद्धा के फूल भेंट करते हैं। ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी,श्री गुरु गुरू सिंह सभा नाका हिंडोला लखनऊ के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने कहा कि जब भी जून का महीना आता है तो वो हमें श्री दरबार साहिब श्री अमृतसर 1984 के आपरेशन ब्लू स्टार के उस काले दिन की याद दिलाता है जिसमें श्री दरबार श्री अमृतसर साहिब, श्री अकाल तख्त साहिब को अपने ही देश की फौज ने बमों से ध्वस्त कर दिया और दर्शनों के लिए आये श्रद्धालुओं को भी बाहर निकलने का मौका नहीं दिया और उनको शहीद कर दिया। इसके लिए विश्व का प्रत्येक सिख इस घटना की घोर निन्दा करता है। महामंत्री हरमिंदर सिंह टीटू ने कहा कि आज के दिन हम आपरेशन ब्लू स्टार में हुए सभी शहीद सिक्खों को याद करते हैं और उनकी आत्मिक कल्याणता के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं। स0 सतपाल सिंह मीत स्टेज सेकेटरी ने कहा कि जिस देश को गुलामी से आजाद कराने के लिए सिक्खों ने सर्वाधिक कुर्बानियां दी हों उन्हीं के पवित्र स्थान अकाल तख्त को ध्वस्त कर दिया गया और हजारों को मारकर शहीद कर दिया गया। हम शहीदों की आत्मिक शांति के लिए प्रभु के चरणों में अरदास करते हैं और देश सुख–शान्ति, समृद्धि और प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़े। उसके उपरांत चाय का लंगर श्रद्धालुओं में वितरित किया।

# गोरखपुर में खनन माफिया का जालः रोहिन नदी के बंधे तक काट डाले

गोरखपुर ब्यूरो : अवैध खनन करने वाले माफिया ने राप्ती ही नहीं रोहिन नदी को भी छलनी कर दिया है। नदी के पास के गांव–कस्बों में खनन माफिया ने अपना जाल फैला रखा है। इनकी शह पर रोहिन नदी के सिसईघाट और चिलुआताल के पास बंधे को भी काट दिया गया है। गुंडागर्दी इतनी कि मिट्टी लदे डंपर, ट्रैक्टर–ट्राली का काफिला गुजरने पर सामने से आने वाले ने अगर खुद को नहीं बचाया तो हादसा तय मानिए। बीते मार्च में ही मां–बेटे को मिट्टी लदे डंपर ने कुचल दिया था, जिसमें बेटे की मौत हो गई थी और मां कई दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच जूझती रही। मिट्टी लदे डंपर, ट्रैक्टर–ट्राली से आए दिन होने वाले हादसों को लेकर प्रभावित गांवों के लोगोंमें गुस्सा है। यह गुस्सा कभी भी सड़कों पर उतर सकता है। बचाव के लिए चिलुआताल से सरहरी इलाके तक मिट्टी लदे वाहनों के कवच के रूप में स्कार्पियों में भरकर लोग घूमते रहते हैं। कोई चेकिंग के लिए आया तो मौके पर ही सेटिंग कर लेते हैं। थानों में भी इन माफियाओं की गहरी पैठ है, जिसके चलते यह धंधा बेरोकटोक जारी है। बंधा काटकर बनाया डंपर के आने–जाने का रास्ता चिउटहा पुल से 500 मीटर उत्तर सेमरहवा गांव के पास रोहिन नदी पर बने मानीराम–मछरिहा बंधे को खनन माफियाओं ने काट दिया है। बंधे को काटकर डंपर और ट्रैक्टर ट्राली लाने–ले जाने के लिए रास्ता बनाया गया है। यहीं से तीन सौ मीटर की दूरी पर करमहा के पास 2001 और 2017 में बंधा टूटने से तबाही मची थी। धड़धड़ाती ट्रैक्टर–ट्राली बनीं जानलेवा रविवार को दोपहर दो बजे के करीब कैंपियरगंज तहसील क्षेत्र के रोहिन नदी के बनरहा पुल, अकटहवा घाट के पास पोकलेन मशीन से खोदाई हो रही थी। एक ट्राली मिट्टी भरकर आगे बढ़ी तो उसके पीछे दूसरी ट्राली लग गई। मेन रोड पर आने के बाद ट्रैक्टर–ट्रालियों की रफ्तार बहुत तेज हो गई। दोपहर के 2.40 बजे थे। मुख्य मार्ग पर अचानक ट्रैक्टर–ट्राली निकली, तो आने वाले कार सवार ने ब्रेक मार दिया। खुद तो बच गया, लेकिन पीछे से आ रहा बाइक सवार अनियंत्रित होकर कार से भिड़ गया। संयोग अच्छा था कि हेलमेट पहने होने से उसकी जान बच गई, नहीं तो सिर पर चोट जानलेवा हो सकती थी। कुछ ऐसा ही नजारा एक बजे के करीब सरहरी रोड पर भी देखने को मिला। खनन के बाद मिट्टी लदी ट्राली रफ्तार से दौड़ रही थी और पीछे से कार सवार हार्न बजाकर साइड लेने की कोशिश में था, लेकिन उसकी कोशिश सफल नहीं हो सकी। रास्ता उसे 200 मीटर बाद तब मिला, जब ट्राली दूसरे रास्ते की ओर मुड़ गई। दो दिन पहले ही ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आया था मुबारक पीपीगंज में रोहिन के किनारे अकटहवा– तिघरा में शनिवार की रात में बारह बजे के बाद खोदाई कराई जा रही है। रात 12.15 बजे के करीब चार ट्रैक्टर–ट्राली एक साथ सड़क पर आती हैं। दोनों ओर के रास्तों पर आने वाले वाहन रुक गए और उन गाड़ियों के आगे बढ़ने के बाद ही चल सके। अभी दो दिन पहले ऐसे ही एक ट्राली की चपेट में आने से मुबारक नाम का एक युवक घायल भी हो गया था। लेकिन, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता दिख रहा है। सरहरी, चिलुआताल इलाके में भी दिन में खोदाई की रफ्तार धीरे रहती है, रात दस बजे के बाद तेजी से काम होने लगता है। एक ही परमिट पर कई जगह खनन...सब कुछ मिलीभगत से वैसे तो खनन की अनुमति देने से लेकर रोकने तक की जिम्मेदारी खनन विभाग के पास ही है, लेकिन पुलिस भी इसमें पीछे नहीं रहती है। पूरा खेल परमिट के पीछे का है। खनन कराने वाले एक जगह की परमिट लेते हैं और उसी के आसपास के इलाकों में दो से तीन जगह मिट्टी की खोदाई कराते हैं। अगर कोई शिकायत करता है तो एक ही परमिट हर जगह दिखा देते हैं। पुलिस से सांठगांठ पहले से होती है। बहुत दबाव बना तो पुलिस मिट्टी खाली कराकर एमवी एक्ट में वाहन को चालान कर जुर्माना लगा देती है। अवैध खनन तो पकड़ा, लेकिन नहीं दी तहरीर 30 जून की रात में पीपीगंज इलाके के भगवानपुर के पास अवैध खनन की सूचना पर नोडल अफसर तहसीलदार ने दबिश दी थी। तब जांच के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली को अवैध खनन करते हुए पकड़ा गया था, वहीं मौके पर दो ट्राली छोड़कर आरोपी फरार हो गए थे। नोडल अफसर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक गाड़ी को सीज कर दिया, लेकिन नोडल अफसर की ओर से अवैध खनन के लिए कोई तहरीर नहीं भेजी गई, जिस वजह से आगे की कार्रवाई नहीं हो सकी है। अवैध खनन की गाड़ियों से हुए हैं कई हादसे 24 अप्रैल 2023: गुलरिहा के टिकरिया रोड पर मिट्टी लदे ट्राली से कुचलकर एक बाइक सवार रंजीत की मौके पर ही मौत हो गई थी, वहीं दो लोग घायल हो गए थे। 31 मार्च 2023: पीपीगंज के तुर्कवलिया चौराहे पर अवैध खनन के डंफर से अमलावती और उनके बेटे बलिहारी कुचल गए थे। बलिहारी की मौत हो गई थी और मां घायल हुई थी। 20 मई 2023: गुलरिहा इलाके के मंगलपुर के पास रात में साढ़े दस बजे मिट्टी लदे डंफर से कुचलकर पांच भैंसों की मौत हो गई थी। 03 जनवरी 2022: पैडलेगंज के पास अवैध खनन की डंफर से कुचलकर तीन लोगों की मौत हो गई थी, दो लोग घायल हुए थे।एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने कहा कि तेज गति से चलने वाले मिट्टी लदे डंपर और ट्रैक्टर–ट्राली पर रोक लगाई जाएगी। कार्रवाई के लिए लिए निर्देश दिए गए हैं। ताकि हादसे न हो सके। अगर खनन विभाग भी जांच करता है तो पुलिस पूरा सहयोग करेगी। डीएम कृष्णा करूणेश ने कहा कि अवैध खनन और बंधे को काटे जाने का मामला हमारे संज्ञान में नहीं था। टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी और मनमानी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# मिशन लाइफ के अंतर्गत पर्यावरण दिवस के अवसर पर संपन्न हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 36 वी वाहिनी पीएसी वाराणसी मीडिया सेल के मुताबिक सोमवार को पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली घमिशन लाइफ ध' के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस मौके पर जन सहभागिता एवं संवेदीकरण हेतु विश्व पर्यावरण दिवस' के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से डॉ० राजीव नारायण मिश्र आईपीएस सेनानायक 34वी वाहिनी पीएसी, वाराणसी के निर्देशन में सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा वाहिनी में विभिन्न पौध ों को रोपित कर बृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। इस अवसर पर सहायक सेनानायक नरेश सिंह यादव द्वारा मिशन लाईफ के क्रम में समस्त जवानों को पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक मुक्त करने की शपथ दिलाई' गई, एवं संबोधन में कहा कि ''पर्यावरण संरक्षण के लिए वैश्विक स्तर पर जागरूकता एवं पौधरोपण, परम आवश्यक है। मिशन लाइफ की अवधारणा के अंतर्गत उपलब्ध ा संसाधनों के विनाशकारी उपभोग के स्थान पर विवेकपूर्ण व समझदारी से उपयोग को जन–अभियान व जन–आंदोलन बनाना है,।वास्तव में मिशन लाइफ जीवन शैली में परिवर्तन कर जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने एवं शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का मूल मंत्र है।भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति के 75वें वर्ष में मिशन लाइफ



अभियान के अंतर्गत नीति आयोग द्वारा 7 बिंदुओं के अंतर्गत कुल 75 गतिविधियां चिन्हित की गई हैं। इन 'गतिविधियों में ऊर्जा दक्षता, जल संरक्षण, सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग में कमी, सतत खाद्य प्रणाली को अपनाना, अपशिष्ट में कमी (स्वच्छता अभियान), स्वस्थ जीवन शैली को अंगीकृत करना एवं ई–अपशिष्ट कम करना आदि शामिल है।''इसी क्रम में कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारीगण व जवानों द्वारा विभिन्न प्रकार के फलदार वृक्ष जिसमें आम, अमरूद आंवला नींबू जामुन वह अन्य विभिन्न प्रकार के पौधे रोपित किए गए। इस दौरान विन्ध्यवासिनी पाण्डेय सहायक शिविरपाल, गोपाल जी दुबे सूबेदार सैन्य सहायक, सहित 34वीं वाहिनी के समस्त अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा उत्साह पूर्वक प्रतिभाग किया गया।

# राम नगरी में फिल्म संकटमोचन हनुमान एवं लवयात्री का हुआ शुभारंभ

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) उत्तर प्रदेश की जानी–मानी स्क्रीन वितरण कंपनी जिया इनफोकस फिल्म कंपनी एवं किलोवॉल्टज की फिल्म संकटमोचन हनुमान एवं लवयात्री का आज धर्म नगरी यानी भगवान श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या में मुख्य अतिथि आचार्य सत्येंद्र दास महाराज के कर कमलों द्वारा क्लैप देकर फिल्म की शूटिंग का शुभारंभ किया गया। फिल्म चर्चित स्टार अरविंद अकेला कल्लू के साथ मुख्य कलाकार के रूप में अभिनव तिवारी, रक्षा गुप्ता,शिवानी गुप्ता,श्वेता झा, समर्थ चतुर्वेदी, मीर सरवर, अनिल रस्तोगी, जनार्दन पांडे ,ज्योति कलश, रीना रानी, कृ ष्णा यादव, रश्मि पाठक, शरदराज सिंह एवं अन्य स्थानीय कलाकार अभिनय करते हुए नजर आए।इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र एम त्रिपाठी एवं अभिषेक श्रीवास्तव है, इस फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर चंदन कन्हैया उपाध्याय कर रहे हैं । वहीं फिल्म संकट मोचन हनुमान को राजेश पांडे एवं लवयात्री को मनोज पांडे ने लिखा है।संगीत ओम झा का है वही फिल्म का फिल्मांकन साउथ एवं बॉलीवुड के मशहूर डीओपी महेश वेंकेट कर रहें है।इस मौके पर इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र त्रिपाठी व अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों



फिल्में कहानी के अनुसार परिपूर्ण बनाई जाएगी। इसके साथ ही साथ इस फिल्म का बजट पर विशेष ध्यान रखा गया है ,जिससे फिल्म का कोई भी पक्ष कमजोर ना हो। क्योंकि उत्तर प्रदेश में बनाई जा रही फिल्म बॉलीवुड फिल्म की समानांतर अपनी पहचान बना सके। साथ फिल्म के निर्देशक चंदन कन्हैया उपाध्याय ने बताया कि य यह फिल्म पूरी लगन एवं मेहनत से बनाई जा रही है । मैं इस फिल्म के निर्माता धीरेंद्र एम त्रिपाठी एवं अभिषेक श्रीवास्तव का विशेष आभार व्यक्त करता हूं कि मुझे इस फिल्म का निर्देशन की बागडोर सौंपी। मालूम हो कि कि चंदन उपाध्याय चर्चित निर्देशक हैं, जिन्होंने कई फिल्मों का निर्देशन किया है, और उन फिल्मों को दर्शकों ने काफी सराहा है और सुपरहिट हुई है। इस फिल्म के जन सम्पर्क अधिकारी अरविंद मौर्या है।

## तारुन थाना क्षेत्र में बिजली मोटर चोर सक्रिय

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) तारुन थाना क्षेत्र के गांवों में बिजली मोटर चोरों को लेकर रात में खेतो की सिंचाई के लिए मोटर लगाये किसानों की नींद हराम हो चुकी हैं।जिसकी शिकायत मिलने पर स्थानीय पुलिस अज्ञात चोरों पर मकदमा दर्ज कर उनकी धड़पकड़ को सक्रिय हो गयी हैं।चोरी की घटना को अंजाम देने वालो में बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के गुंधौर व सोंनबर्षा मुसलमीन गांव सहित तारुन थाना क्षेत्र के गांवों के कुछ युवक इस धंधे में लिप्त बताये जा रहे हैं।बताया गया कि मोटर चोरी की घटना से जुड़े गुंधौर गांव के एक युवक का नाम इस समय सुर्खियों में चल रहा है। जिसके बचाव को लेकर कुछ लोग एड़ी चोटी का जोर लगाये बचाव का जुगाड़ लगा रहे है। उक्त युवक के कई दोस्त तारुन थाना क्षेत्र के कुछ गांवों के रहने वाले हैं जो उसके साथ रहकर चोरी किये बिजली मोटर को इधर उध र ठिकाने लगाते है।पुलिस मोटर चोरों पर शीघ्र बड़ी कार्यवाही को अंजाम दे सकती हैं। थाना क्षेत्र के माहनमऊ गांव निवासी राजेश वर्मा का बिजली मोटर बीते 3 जून को चोरी चला गया था। उन्होंने बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के सोनबर्षा मुस्लमीन निवासी गोपी पुत्र राजू को चोरी किये एक बिजली मोटर के साथ पकड़ मुकामी पुलिस के हवाले कर मकदमा दर्ज कराया है। राम नगर घूरीटीकर में बीते 3ध्4 जून की आध ी रात 12.10 बजे अजय कुमार नामक व्यक्ति के घर से साउंड चुराकर भाग रहे एक चोर को गांव के लोगो ने पकड़ पुलिस के हवाले किया है और नामजद मकदमा दर्ज कराया हैं। इस मामले में पुलिस चोरों पर कार्यवाही को लेकर सख्त हो गयी हैं।

# एएनएम स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सुरक्षित एवम संस्थागत प्रसव सेवाओं के विस्तार तथा दूरस्थ उप केन्द्रों पर भी सुरक्षित और संस्थागत प्रसव गतिविधियां संचालित किए जाने हेतु सीएचसी,पीएचसी



एवम उप केन्द्रों पर तैनात एएनएम और स्टॉफ नर्स का 21 दिवसीय प्रशिक्षण जिला महिला चिकित्सालय में प्रशिक्षित महिला चिकित्सकों, स्टॉफ नर्स, नर्स मेंटर द्वारा प्रदान किया जा रहा है। एस बी ए (स्किल्ड बर्थ अटेंडेंट) के 21 दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधि ाकारी डॉ अजय राजा ने किया।इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी एएनएम और स्टॉफ नर्स को मां और बच्चे के जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ रखने के लिए अपना शत प्रतिशत योगदान देने के लिए प्रेरित किया और यह भी कहा कि उनके चिकित्सालय या उप केन्द्रों पर आने वाली गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित प्रसव प्राथमिकता से सुनिश्चित कराएं।इस प्रशिक्षण में सीएचसी रुदौली,खंडासा,मया बाजार,मिल्कीपुर,सोहावल और जिला महिला अस्पताल की एएनएम / स्टॉफ नर्स प्रतिभाग कर रहीं हैं। इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षक डाव सबीना खान, डाव अलंकृता अयान, स्टॉफ नर्स गीता एवम अनीता द्वारा प्रदान किया जा रहा है।प्रशिक्षण शुभारंभ अवसर पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सक्सेना, सीएमएस जिला महिला अस्पताल के डा आर पी वर्मा, यू पी टी एस यू की डाव दामिनी,मनोज कुमार मौर्या उपस्थित हुए।

## अराजक तत्व से असुरक्षित महसूस कर रही महिलाए व अन्य राहगीर : पुलिस पिकेट व 112 टीम की तैनाती के वावजूद हो रही घटनाएं

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में शाम ढलते ही अराजक तत्व व शोहदे सक्रिय दिखाई दे रहे है।जिसके चलते इधर से शाम को गुजरने वाली महिलाओं व लड़कियों के साथ साथ अन्य राहगीर अपने आपको असुरक्षित महसूस करती है।परंतु इस गंभीर समस्या पर पुलिस प्रशासन ध्यान नहीं देती हुई नजर आ रही है।शहर के गुलाबबाड़ी, गुलाब बाड़ी मैदान,रीडगंज तिराहा,रीडगंज ओवर ब्रिज,जेल के पीछे, पुष्पराज चौराहा, हैदरगंज चौराहा,वजीरगंज, राठहवेली, लालबाग रेलवे क्रासिंग,मोदहा चौराहा, देवकाली बाईपास, देवकाली तिराहा, सीतापुर नेत्र चिकित्सालय रीडगंज सहित अन्य चौराहों व मार्गों पर ये अराजक तत्व सक्रिय हो जाते है।सूत्र के मुताबिक ये अराजक तत्व शाम ढलते ही इन जगहों पर जुआ, सट्टा आदि खेलने में व्यस्त हो जाते हैं। वही इधर से गुजरने वाली महिलाओं, लड़कियों के साथ साथ छेड़खानी को अंजाम देते ही है इसके अलावा इधर से आने जाने वाले राहगीरों से छिनैती, लूट जैसी अन्य आपराधिक घटनाओं को अंजाम देते है।परंतु इस गंभीर समस्या पर पुलिस रोक लगाने मे असहज महसूस करती हुई दिखाई देती है।जबकि देखा जाए तो पुलिस अधिकारियों द्वारा पुलिस पिकेट, व डायल 112 ,चीता मोबाइल टीम,एंटी रोमियो स्क्वायड टीम की तैनाती का निर्देश रहता है।इसके बावजूद इन पुलिस कर्मियों की तैनाती के बावजूद शहर में सक्रिय अराजक तत्वों से महिलाओं व राहगीरों से छुटकारा नहीं मिल पा रहा है।जो कि पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह लगाता है।

## नजूल की जमीन पर अवैध प्लाटिंग ध्वस्त : प्रशासन ने लिया कब्जा

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सूत्र के मुताबिक शहर के सघन व्यापारिक इलाके में करोड़ों रुपये की नजूल भूमि की प्लाटिंग की जा रही थी।इसी बीच इसके साथ ही जमीन पर कुछ लोग निर्माण भी करा रहे थे।इस बात की जानकारी मिलने पर जिला प्रशासन ने सोमवार शाम निर्माण को गिराकर जमीन को कब्जे में ले लिया है।बताया जा रहा है कि इस विशाल भूखंड पर पार्किंग और जन सुविधाओं को विकसित किया जाएगा। मालूम हो कि कोतवाली नगर क्षेत्र के चौक से कुछ ही दूरी पर सुभाषनगर में दामोदरदास धर्मशाला स्थित है।करीब चार एकड़ का यह भूखंड नजूल विभाग ने फुलवारी के लिए 30 साल की लीज पर दिया था।लीज खत्म हो जाने के बाद भी जमीन धर्मशाला संचालक के ही कब्जे में रही।यही नहीं यहां कई दुकानें बना डाली गईं और उन्हें किराए पर उठा दिया गया। सूत्र के मुताबिक इस बीच धर्मशाला संचालक ने जमीन पर प्लाटिंग शुरू कर दी। ऐसे बैनामे की भनक जब जिलाधिकारी नितीश कुमार को लगी तो उन्होंने सहायक अभिलेख अधिकारी रामकुमार शुक्ल को कार्रवाई के आदेश दिए।रामकुमार शुक्ल सोमवार को पुलिस बल और जेसीबी लेकर मौके पर पहुंचे और नजूल भूमि पर कराए गए निर्माण को ध्वस्त करा दिया।खाली कराई गई करीब डेढ़ एकड़ जमीन पर कब्जा कर लिया। इस संबंध में उन्होंने बताया कि जमीन अब प्रशासन के कब्जे में है।जिसे जनहित में उपयोग किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जमीन पर बना ध र्मशाला व अन्य निर्माण अब सरकार के कब्जे में है। बताया कि नजूल भूमि को बेचने और खरीदने वालों के खिलाफ थाने में केस दर्ज कराया जाएगा।अगर देखा जाए तो सुभाष नगर से चौक तक के इलाके में पार्किंग की व्यवस्था नहीं होने से इलाके में दिन भर जाम लगा रहता है। वाहन सड़कों पर ही खड़े होते हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि मुक्त कराई गई जमीन पर मल्टीलेबल पार्किंग भी बन सकती है।सार्वजनिक शौचालय के साथ अन्य जनसुविध ाओं का भी विकास हो सकता है।डीएम नितीश कुमार का कहना है कि इन्हीं कार्यों के लिए यह जमीनें खाली कराई जा रही हैं। पुष्पराज चौराहे से लेकर उदया चौराहे तक मुक्त होगी नजूल भूमि – डीएम नितीश कुमार अयोध्या। रामनगरी में नजूल की जमीन पर जमकर कब्जे हुए हैं।कब्जे की जमीनों पर मकान, दुकानें और शॉपिंग कॉम्पलेक्स तक बन गए हैं। ऐसी करीब एक हजार करोड़ बाजार मूल्य की भूमि की प्रशासन ने पहचान कर ली है।इसे जल्द खाली कराने की तैयारी है।नजूल की यह जमीन उदया चौराहे से लेकर परिक्रमा मार्ग और पुष्पराज चौराहे के पास सड़क के रूप में है। यहां कागजों में करीब 36 मीटर चौड़ाई में सड़क और नजूल भूमि है।किंतु यहां भी जमीन पर भारी पैमाने पर अवैध कब्जा है।प्रशासन के सूत्रों के मुताबिक यहां फूड कोर्ट बनाने, पार्किंग और जनसुविधाओं को विकसित के लिए जल्द ही बुलडोजर चल सकता है। प्रशासन ने इसके लिए पूरी रणनीति तैयार कर ली है। धीरे–धीरे एक–एक कर यह जमीनें खाली कराई जाएंगी।इस संबंध में जिलाधि ाकारी नितीश कुमार का कहना है कि शहर में सुंदरीकरण, जन सुविधाओं के विकास, पार्किंग व सरकारी निर्माण के लिए बड़े स्तर पर जमीन की जरूरत है। नजूल के रूप में बड़ी मात्रा में यह जमीन उपलब्ध है और उसे चिह्नित भी कर लिया गया है। जल्द ही खाली करवाया जाएगा।

## बरात में अधिवक्ता पर जानलेवा हमला : छह पर केस दर्ज

गोरखपुर ब्यूरो : बरात में बिना बताए बाइक का लॉक तोड़कर ले जाने का विरोध करने पर मनबढ़ों ने अधिवक्ता, उनके साथी छात्र समेत तीन लोगों को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित छात्र की तहरीर पर गुलरिहा पुलिस ने एक नामजद समेत पांच अज्ञात के खिलाफ जानलेवा हमला की कोशिश समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के खुटहन खास निवासी शिवानंद एलएलबी अंतिम वर्ष का छात्र है। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया है कि वह रविवार को गांव के ही रहने वाले अधिवक्ता रामाज्ञा निषाद के साथ शादी समारोह में गांव के ही रामनिवास के घर गए थे। आरोप है कि बेलीपार थाना क्षेत्र के डेफरा निवासी ध्यानचंद बिना बताए उनकी बाइक का लॉक तोड़ लेकर चला गया। देर रात 11.30 बजे वह बाइक लेकर पहुंचा। कारण पूछने पर वह अपने पांच–छह साथियों को बुलाकर हमला कर दिया। शोर सुनकर जब बीच बचाव करने रामस्वरूप और अधिवक्ता रामाज्ञा निषाद पहुंचे तो वह उनपर भी फावड़ा व रॉड से हमला कर घायल कर दिए। जिससे दोनों लोगों को गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने ध्यानचंद और उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ धारा 147, 323, 504, 506, 427 व 308 के तहत केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

# सहादतगंज मे राम पथ निर्माण कार्य से घंटों रहा मार्ग जाम

अयोध्या (डीकेयू लाइव) ब्यूरो सुरेंद्र कुमार। विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व संध्या पर सनातन सेवा संस्थान राघवकुंज अयोध्या के तत्वाधान मे संस्थान के अध यक्ष समृति शरण के संयोजन में आज श्री राम वाटिका धर्मशाला दिगंबर अखाड़ा में गोष्ठी एवं तुलसी पौधा वितरण का भव्य आयोजन संपन्न किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित भाजपा नेता विशाल मिश्रा ने कहा आज मनुष्य प्रकृ ति के महत्व को कम करने में लगा हुआ है। आज मनुष्य के हर कार्य से प्रकृति पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। आज हवा, पानी और मृदा प्रदूषित हो गई है। मनुष्य लगातार पेड़–पौधों को काटता ही जा रहा है, जिससे इस प्रकृति का संतुलन बिगड़ रहा है।जंगलों, तालाबों, नदियों एवं समुद्रों में कचरा फेंक दिया जाता है। जिससे इनकी सुंदरता के साथ–साथ इनकी उपयोगिता भी कम हो गई है। आज कारखानों एवं वाहनों से भी प्रदूषण बढ़ता ही चला जा रहा है। आज हम सभी को इस पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है। हम सभी को मिलकर इस पर्यावरण को बचाने की जरूरत है। यदि यह पर्यावरण खत्म होगा तो हम सभी का जीवन भी खत्म हो जाएगा। हमें पर्यावरण के महत्व के प्रति लोगों को और अधिक जागरूक करने की जरूरत है। हमें अधिक से अधिक पेड़–पौधे लगाने चाहिए और जितना हो सके उतना कम पेड़–पौधों को काटना चाहिए। संस्थान के अध्यक्ष समृति शरण ने कहा सुखी व स्वस्थ जीवन के लिए प्रकृति की सुरक्षा और पर्यावरण का संरक्षण जरूरी है। इसी उद्देश्य से प्रतिवर्ष 5जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया जाता है। पर्यावरण को लेकर लोगों को जागरूक किया जाता है और पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। भाजपा




मंडल अध्यक्ष बाल कृष्ण वैश्य ने कहा हम सभी भोजन एवं पानी के लिए इस पर्यावरण पर ही निर्भर करते है। इस पर्यावरण से हमें विभिन्न प्रकार के खनिज पदार्थ भी प्राप्त होते है। यह पर्यावरण में कईं तत्व होने के साथ–साथ काफी सुंदर भी है। इसमें नदियाँ, तालाब, जंगल, पर्वत एवं समुद्र भी है, जो अपने आप में ही बहुत सुंदरता बटोरे हुए है। इसमें शुद्ध हवा एवं पानी है। इस पृथ्वी पर विभिन्न प्रजातियों के जीव–जंतु रहते है। यह पर्यावरण ही हम जीव–जन्तुओं के जीवन को संतुलन बनाए रखता है। गोष्ठी का संचालन मंडल मीडिया प्रभारी भाजपा सिद्धार्थ श्रीवास्तव एवं प्रसारण प्रभारी मेला दीपचंद भाई ने किया। गोष्टी के अन्त में आये हुए अतिथियों ने मौजूद सैकड़ो लोगो को संस्थान की तरफ से तुलसी पौधा का वितरण किया गया। संस्थान से जुड़े पदाधिकारी बालमुकुंद पाडे,सिद्धार्थ श्रीवास्तव, अर्पित श्रीवास्तव, चन्द्र मणि पाडेंय संस्थान के अध्यक्ष स्मृति शरण के अगुवाई मे आये हुए अतिथियों को माला पहनाकर अंगवस्त्र भेजकर स्वागत किया एवं आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पार्षद अंकित त्रिपाठी, जयप्रकाश रावत,शैलेन्द्र अवस्थी, दुर्गेश दास,अल्पना पाडें,शालू पाडेय,नेहा पाडे,विपुल सिंह,एस आई रंजीत यादव,आदि शामिल रहे।

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अयोध्या द्वारा वृक्षारोपण कर दिलाई गई "लाइफ शपथ"

अयोध्या (काइम रिपोर्टर) मुकेश कुमार।अयोध्या में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक अयोध्या मुनिराज जी द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन स्थित क्वाटर गार्द पर पर्यावरण को बचाने के लिए दैनिक जीवन में आवश्यक बदलाव लाने व अपने परिजनों,मित्रों तथा अन्य लोगों को पर्यावरण के अनुकूल आदतों और व्यवहारों के महत्व के विषय में सतत रूप से प्रेरित करने की शपथ दिलायी गयी व पुलिस अधीक्षक नगर / ग्रामीण व क्षेत्राधिकारी रिजर्व पुलिस लाइन, क्षेत्राधिकारी यातायात व अन्य कर्मचारी



गण के साथ रिजर्व पुलिस लाइन में वृक्षारोपण किया गया।

## सामने आया माफिया विनोद उपाध्याय का बस्ती कनेक्शन : पुलिस अलर्ट



बस्ती ब्यूरो : गोरखपुर के टॉप टेन माफिया विनोद उपाध्याय का बस्ती कनेक्शन सामने आया है। उसकी गिरफ्तारी के लिए बस्ती पुलिस ने भी जाल बिछा दिया है। वर्ष 2005 में उसके खिलाफ पुरानी बस्ती थाने में मारपीट, अपशब्द कहने व धमकी के एक मामले में उस पर केस दर्ज है। इसमें सीजेएम न्यायालय से विनोद उपाध्याय के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी हुआ है। पुलिस को सूचना थी कि इस केस वह सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर सकता है। कोतवाली, पुरानी बस्ती थाने की पुलिस के अलावा क्राइम ब्रांच की टीमें सुबह छह बजे से दोपहर ढाई बजे तक न्यायालय के ईदगिर्द मंडराती रही। मगर वह नहीं नजर आया। बताया जा रहा है कि उसके कुछ खास सहयोगी और रिश्तेदार यहां हैं जो जनपद के बाहर उसके लिए काम करते हैं। उन लोगों का माफिया से किस स्तर का संबंध है, इसकी जानकारी जुटाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस को जानकारी मिली है कि पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र में माफिया विनोद उपाध्याय की रिश्तेदारी है। राजा मैदान पुरानी बस्ती में उसके भाई संजय उपाध्याय की ससुराल है। इस केस में जारी हुआ है वारंट वर्ष 2005 में पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के राजा बाजार निवासी बजरंगी प्रसाद ने विनोद उपाध्याय व अन्य के विरुद्ध रंगदारी, धमकी, मारपीट और अपशब्द कहने का केस दर्ज कराया था। विवेचना के दौरान रंगदारी का आरोप सही नहीं पाया गया। ऐसे में विवेचक ने केवल मारपीट (धारा 323), अपशब्द कहने (धारा 504) और जान से मारने की धमकी (धारा 506) के तहत न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। इस केस में आरोपी विनोद उपाध्याय ने अब तक जमानत नहीं कराया है। ऐसे में सीजेएम न्यायालय ने उसके विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी कर गिरफ्तारी के लिए एसएसपी गोरखपुर को आदेश दिया है।

## ससुराल में भाभी के साथ सोता मिला पति : बीवी ने रंगेहाथ पकड़ा तो कर दी पिटाई

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले के गुलरिहा इलाके में रहने वाले एक युवक पर पत्नी को मारपीट कर घर से भगाने का आरोप लगा है। दरसअल, पत्नी ने आरोपी पति को अपने मायके में भाई की पत्नी के साथ आपत्तिजनक हालत में पकड़ लिया था। वीडियो बनाने पर वहां पर तो उसने माफी मांग ली, लेकिन घर आने पर कमरा बंद करके पत्नी को पीटा और भगा दिया। पुलिस पीड़ित पत्नी की तहरीर पर दहेज उत्पीड़न, मारपीट व धमकी देने की धारा में केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक, थाना क्षेत्र के एक गांव की निवासी महिला ने तहरीर में लिखा है कि पति दो मई की रात, महराजगंज के श्यामदेउरवा इलाके में स्थित मेरे मायके में गए थे। वहां मेरी सगी भाभी के साथ कमरे में आपत्तिजनक हालत में पकड़े गए थे। माफी मांगने पर बात आगे नहीं बढ़ी। उसके बाद पति साथ लेकर घर आ गए और अपने भाई के कहने पर कमरा में बंद कर मुझे बुरी तरह मारा पीटा। आंखों में गंभीर चोटें



आई हैं। महिला ने आगे लिखा है कि भसुर जितेन्द्र अपने भाई को उकसाता है कि पेट्रोल डालकर अपनी पत्नी को जला दो, मैं सब कुछ देख लूंगा। मेरी सास भी आए दिन मायके से दहेज कम लाने का ताना देकर गाली देती हैं। सास कहती हैं कि इसको मार डालो मैं अपने बेटे की दूसरी शादी करा दूंगी। भाभी के साथ रंगे हाथ पकड़े जाने के दौरान का वीडियो भी मौजूद है। मेरे भाइयों को फोन कर उनकी हत्या कराने की धमकी भी मेरे पति द्वारा दी जा रही है। पत्नी की तहरीर के आधार पर पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24 / 234 / 2019 / R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।